# Need to construct an overbridge on NH-106 and NH-57 intersection at Simrahi Bazar in Supaul district, Bihar-laid

**श्री दिलेश्वर कामैत (सुपौल) :** बिहार के सुपौल जिला अंतर्गत राघोपुर प्रखंड के सिमराही बाजार के मध्य होते हुए उत्तर से दक्षिण एन.एच 106 बीरपुर से बीहपुर तथा पूरब से पश्चिम 4 लेन एन.एच 57 (वर्तमान एन.एच 27 ) जाती है । उक्त सड़क के सिमराही चौराहे पर बराबर दुर्घटनाएँ होती रहती हैं, आवागमन भी बाधित हो जाता है तथा जान माल की भी काफी क्षति होती है । अतः जनहित में भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से आग्रह है कि उक्त चौराहे पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाये ।